हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



12 प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी में मनाया गया ...


13 शिशु मंदिर में दी जाती है संस्कारों की शिक्षा : राणा




# 3 दिन पानी नहीं गिरने से खेती कार्य के लिए बढ़ेगी मुसीबत, किसान परेशान

## 116.100 हेक्टेयर क्षेत्र में से 80.992 हेक्टेयर में याने 69 फीसदी बुवाई हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में मानसूनी बारिश कमजोर पड़ने से किसानों को भविष्य की चिंता सताने लगी है। अंचल में पिछले 2 दिनों से बारिश का असर कम होने से रोपाई कार्य मे खेतो में जुटे किसान बार-बार आसमान की ओर टकटकी लगाए रखे है। हालांकि पिछले दिनों हुई बारिश से खेतों में पानी जमा है,लेकिन दो दिनों से बारिश का प्रभाव कम होने से ऐसे किसान जो इंद्रदेव के भरोसे खेती-किसानी करते है,उनकी चिंता इसलिए बढ़ गई है। आने वाले 3 दिनों में बारिश नहीं हुई तो खेत सूखने का भय है,जिससे रोपा कार्य प्रभावित होने की आशंका है। बस्तर जिले के बकावंड और बस्तर ब्लाक धान की बम्फर पैदावार के लिए जाना जाता है। इन दोनों क्षेत्र में किसान खरीफ सीजन में मानसून आगमन के पूर्व योजनाबद्ध तरीक़े से खेती कार्य मे जुट जाते है। खास बात है,कि वर्तमान खरीफ सीजन में भी दोनों ब्लाक के किसान रोपा कार्य लगभग 80 फीसदी तक निपटा लिए हैं।

अभी भी किसान बचे रकबा में रोपा कार्य युद्धस्तर पर कर रहे हैं। लेकिन जिले के अन्य ब्लाक जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा, बास्तानार, तोकापाल और दरभा के किसान रोपा कार्य में पिछड़ गए हैं। बताया जा रहा है,कि तोकापाल,बास्तानार और दरभा में श्रमिकों की समस्या आने से ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।



**116.100 हेक्टेयर धान बुवाई के विरुद्ध 80.992 हेक्टेयर में पूर्ति**

बस्तर में बुवाई कार्य लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में पूरा किया जा चुका है। आने वाले दिनों में शेष रकबा में भी पूरा कर लिया जाएगा। रोपा कार्य मे भी किसान युद्धस्तर पर जुटे है। कहीं-कहीं पर कार्य द्रुतगति से चल रहा है। ज्वार, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी व अन्य फसलों का लक्ष्य के विरुद्ध बुवाई की पूर्ति में तेजी नहीं आई है।

- **राजीव श्रीवास्तव,** उप संचालक कृषि


प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## खबर संक्षेप



### तालाब व गली मोहल्ले में सफाई अभियान चला

**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में ग्राम पंचायत बनसागर के सरपंच पुष्पा वट्टी, ग्रामीण वा सामाजिक कार्यकर्ता संतकुमार वट्टी, टिकेश्वर कुंजाम के मार्गदर्शन में ग्राम के तरियापारा स्थित शिव शक्ति महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा पर्यावरण, संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन विकास एवं प्रदूषण से मुक्ति के लिए महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों के द्वारा गांव में स्थित तालाब एवं गली मोहल्ले की साफ सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर समूह की दसोबाई वट्टी, भुखईन बाई कावडे, सबत बाई साहू, पुष्पा बाई सेन, महाबती कावडे एवं अन्य महिलाओं ने साफ सफाई कर अपना योगदान दिया और आगे भी इस प्रकार से सामाजिक, संरक्षण कार्य के अंतर्गत किया जाने की संकल्प लिया गया।

### 12 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**कांकेर।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए इच्छुक जिले के युवक-युवतियाँ 12 जुलाई सायं 05 बजे तक आवेदनकर सकते है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप नियम तथा शर्तें विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**सफलता : समर्पण करने वालों में दो महिला सहित एक हार्डकोर शामिल**

# पांच लाख के इनामी सहित पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

- मार्गों में स्पाइक लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर अवरूद्ध करना आदि वारदातों में थे शामिल

पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में अरविंद पी आनंद, द्वितीय कमान अधिकारी 217 वाहिनी गजेन्द्र बहादूर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी 212 वाहिनी सीआरपीएफ,सपन चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा एवं धर्मेन्द्र कुमार सहायक कमाण्डेन्ट 223 वाहिनी के समक्ष बिना हथियार के आज पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों में सागर उर्फ दूधी कोसा पिता देवा गालीकोण्डा ओड़शि एरिया कमेटी कमाण्डर,एसीएम ईनामी 5 लाख रूपये उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी दंतेशपुरम थाना भेजी मुचाकी कोसा पिता स्व. हुंगा सुरपनगुड़ा आरपीसी ग्राम पुलनपाड़ जीआरडी मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर उम्र लगभग 27 वर्ष मुरिया निवासी पुलनपाड़ पटेलपारा थाना चिंतलनार, महिला नक्सली कोरसा हुंगी पिता स्व. मंगडू सिलगेर आरपीसी सीएनएम सदस्या उम्र लगभग 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी तिम्मापुरम थाना जगरगुण्डा ,मड़कम लक्खे पिता केसा किस्टराम एरिया कमेटी टेलर टीम सदस्या उम्र लगभग 39 वर्ष जाति मुरिया निवासी कामवरम थाना किस्टाराम,मड़कम देवा पिता स्व. मड़कम हड़मा गोमपाड़ आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष उम्र लगभग 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोमपाड़ मुरिया पारा थाना भेजी जिला सुकमा शामिल हैं।



### इनका रहा विशेष प्रयास

प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गों में स्पाइक लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहे। आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने रेंज फिल्ड टीम डीआईजी ऑफिस कोंटा आरएफटी एवं 212, 217 वाहिनी सीआरपीएफ का सूचना शाखा एवं 223 वाहिनी सीआरपीएफ के सूचना शाखा तथा नक्सल सेल सूचना शाखा तथा डीआरजी सुकमा का विशेष प्रयास रहा।

# महाराष्ट्र से पकड़ा गया सायबर ठगी का आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- कस्टमर केयर से बोल रहा हूं कहकर प्रार्थी से 86358 रुपए का किया था फ्रॉड

थाना गीदम में दर्ज सायबर फ्रॉड संबंधी अपराध जिसमें प्रार्थी अजय यादव के द्वारा फोन-पे से अपने पिता को पैसे ट्रांसफर किया गया। उनके खाते में नहीं जाने से अजय यादव द्वारा गुगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया और कॉल किया। आरोपी के द्वारा कस्टमर केयर से बोल रहा हूं कहकर प्रार्थी अजय यादव को अपने झांसे में लेकर उससे धोखाधड़ी करते हुए 86358 रुपए का फ्रॉड किया गया। उक्त मोबाइल धारक का डिटेल तकनीकी शाखा दंतेवाड़ा से प्राप्त किया। बैंक खाता की जानकारी प्राप्त किया गया। कोल्हापुर महाराष्ट्र में आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई जिस पर पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा के निर्देश पर टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश हेतु रवाना किया गया था। टीम द्वारा कोल्हापुर महाराष्ट्र से दिग्विजय बालासो पाटिल पिता बालासो रघुनाथ पाटिल, उम्र 32 वर्ष, निवासी पाटिल चौक हनुमान मेडिकल के पास सिरदवाड़ थाना कुरूदंवाड, जिला कोल्हापुर मिला। जिसे 8 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

# नक्सलियों पर 2 सौ किमी रेंज व 15 हजार फीट उंचाई से यूएवी से रखी जा रही नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- मानसून में माड़ बचाओ अभियान में 1 करोड़ 12 लाख के ईनामी 14 नक्सली हो चुके ढेर

नक्सलियों के खिलाफ मानसून में भी प्रभावी कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। नक्सलियों की हलचल पर यूएवी की मदद से नजर रखी जा रही है जो 2 सौ किमी रेंज व 15 हजार फीट की उंचाई से तस्वीर भेज रही है। जिसकी मानिटरिंग सेण्ट्रल कण्ट्रोल रूम से की जा रही है यहां से मिले इनपुट के बाद नक्सलियों को घेरने फोर्स की मूवमेंट शुरू हो गया है।

जानकारी के मुताबिक बस्तर में नक्सल उन्मूलन अभियान में नई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखने यूएवी और सेटेलाइट राडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। मानसून में भी कारगर कार्रवाई करने के लिए सुरक्षाबलों ने अभियान को तेज कर दिया है। हाल ही में माड़ बचाओ अभियान भी इसी यूएवी से मिले इनपुट के बाद लांच किया गया था, जिसमें सुरक्षा बलों को सफलता मिली थी। पिछले एक माह के अंतराल में नक्सलियों के आधार इलाकों में जाकर सुरक्षाबलों द्वारा ⏭ शेष पेज 12 पर



**उपलब्ध संसाधनों व नई तकनीक इस्तेमाल कर प्रभावी कार्रवाई**

नक्सलियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नक्सल उन्मूलन अभियान अब निर्णायक मोड़ पर है। उपलब्ध संसाधनों व नई तकनीक का खुलासा करना समंव नहीं है लेकिन क्षेत्र की जनता व जानमाल की रक्षा के लिए आगे और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

- **सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर

# 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता व अन्य मुद्दों पर बोला हल्ला

## 10 सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कर्मचारियों की लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से देने, 300 दिनों के अवकाश नकदीकरण, वेतन विसंगति सुधारने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने एक लंबे अंतराल के तथा प्रतीक्षा के बाद अंतत मोर्चा खोल दिया है। आज कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते जमकर हल्ला बोला।

ज्ञात हो कि विगत 9 माह से विधानसभा और लोकसभा चुनाव बाद भी सरकार का कर्मचारियों की जायज मांगों पर लगातार अनदेखी करने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के द्वारा संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव तथा जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट चौक जगदलपुर में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। ततपश्चात रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय में पहुंच कलेक्टर बस्तर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम कर्मचारियों की लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से देने, 300 दिनों के अवकाश नकदीकरण, वेतन विसंगति सुधारने सहित 10 सूत्रीय मांगों का मांगपत्र सौंपा। इसी के साथ-साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए शासन का ध्यानाकर्षण कराने एक अन्य मांगपत्र सौपा।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में जुटे कर्मचारी

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला बस्तर के ध्यानाकर्षण प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुखतः संघ के सचिव अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय चौहान, सुभाष पांडे, मनोज कुमार,अतुल शुक्ला, कोषाध्यक्ष आर पी मिश्रा, प्रमोद पांडेय, राजेंद्र पांडे, संजय वैष्णव,मनोज महापात्र, थैलेश जोशी, जीएल यादव, रुपेश चौहान, मनीष श्रीवास्तव, तेजपाल सिंह, पीतांबर साहू, मोतीलाल वर्मा, उमेश मेश्राम, धर्मराज चौधरी ,हेमंत साहू, शंकर राव, श्रीमती आशा दान, नीलम मिश्रा, हेमलता नायक, दीपा मांझी, करमजीत कौर, जागेश्वर सिंहा रवि नारायण साहू गायत्री मरकाम चढती कश्यप अंजू पैदा सेवक लाल बाघ आदि कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।




**शासन की वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई योजना का लाभ नहीं मिल रहा**

# आरटीओ की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे सीनियर सिटीजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ ने बैठक में जताई आरटीओ के खिलाफ नाराजगी

वरिष्ठ नागरिकों को बस किराया में छूट नहीं मिलने से उनमें रोष व्याप्त है। संघ ने आटीओ से जल्द से जल्द लाभ दिलाने की मांग की है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने अपनी जारी प्रेस को जारी बयान में बताया है कि संघ की मासिक बैठक में पूर्व में संघ द्वारा निर्णय लिया गया था कि 80 या उससे अधिक उम्र के नागरिकों को एक परिचारक सहित बस किराए में 100 प्रतिशत की छूट के दी जाए। इस सम्बंध में आरटीओ जगदलपुर से पत्राचार कर निवेदन किया गया था, कि सभी बस संचालकों को पत्र जारी करें,ताकि शासन की योजना का लाभ वरिष्ठ जनों को मिल सके, किंतु खेद का विषय है। कि आरटीओ जग के द्वारा संघ की मांग पर आज पर्यंत कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसे लेकर सीनियर सिटीजन में रोष व्याप्त है। इस पर पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है की आरटीओ से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज करायेंगे।अध्यक्ष ने बताया है कि बैठक में मुख्य रूप से धारा 49 के विषय में चर्चा की गई। धारा 49 मध्य प्रदेश सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के पास एक ऐसा अस्त्र है जिसके द्वारा दोनों सरकारें अपने अपने कर्मचारियों को ठगने का काम करती हैं। दरअसल जब कर्मचारियों को डीए देने की बात आती है तब दोनों सरकारें एक दूसरे का बहाना बनाकर टालमटोल करने का कार्य करती हैं, क्योंकि दोनों ही सरकारों की आपसी सहमति के बिना डीए देना संभव नहीं है। अध्यक्ष ने बताया इस 49 धारा के कारण छत्तीसगढ़ के साथ ही कई राज्य अस्तित्व में आये थे वहां पर ऐसी स्थिति नहीं है उन क्षेत्रों में धारा 49 समाप्त की जा चुकी है।



### धारा 49 समाप्त करे सरकार

अध्यक्ष गौतम ने मांग की है की मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार है। दोनों ही सरकारें प्रस्ताव बनकर केंद्र सरकार को भेजकर धारा 49 को समाप्त करें, जिससे दोनों प्रदेश अपने कर्मचारियों को डी ए देने के स्वतंत्र निर्णय ले सकें।

### आयुष्मान कार्ड का लाभ लोगों को मिले

आयुष्मान कार्ड का लाभ लोगों को कैसे मिले इस पर भी चर्चा हुई और पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी सीएमओ से प्रत्यक्ष भेंटकर लिया जाएगा। संघ इस बिंदु पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में भारत लाल गुप्ता,जगत सिंह ठाकुर, रवींद्र पांडेय, राजेंद्र पांडेय, रतन व्यास, सरिता तिवारी, निशा अवस्थी, राजेंद्र वर्मा,कमलेश मंडन,राजेंद्र सिंह नागे,भुवनेश्वर सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

